राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस ऑनलाइन आयोजित

स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी आवश्यक

मतदाता जागरूक बनें और विकास के पथ पर ले जाने वाले जनप्रतिनिधि चुनें

– राज्यपाल

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मतदाताओं का आह्वान किया है कि लोकतंत्र में एक–एक मत का महत्व होता है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता का कर्त्तव्य है कि वह जागरूक बने और सोच समझकर मतदान करते हुए ऐसे जनप्रतिनिधि चुने जो विकास और तरक्की का पथ प्रशस्त कर सकें।

श्री मिश्र सोमवार को यहां राजभवन से ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्यस्तरीय समारोह में ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण और उसकी मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन इस बात की याद दिलाता है कि भारत के लोग ही वह शक्ति है जो संविधान को शक्ति प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और नागरिकों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पोर्टल एवं मोबाईल एप के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया सुगम बनाने के लिए उल्लेखनीय पहल की गई है। उन्होंने आह्वान किया कि इस जन उपयोगी तकनीक तथा मोबाईल एप की जानकारी साक्षरता क्लबों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए ताकि त्रुटि रहित मतदाता सूचियां तैयार हो सके और मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री सुनील अरोड़ा का राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश की जनता के नाम संदेश का वीडियो द्वारा प्रसारण किया गया।

राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मेहरा ने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौर में बीते एक वर्ष में भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन एवं प्रोटोकॉल की पूर्ण पालना करते हुए मतदान प्रक्रिया का चुनौती पूर्ण कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी सम्पूर्ण मशीनरी बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि 2011 में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूआत और व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों के आयोजन के कारण मतदाता अब पहले की अपेक्षा अधिक जागरूक, सजग एवं सतर्क हुए हैं।

मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य ने कहा कि सभी मतदाता अपने विवेक का प्रयोग करते हुए जागरूक होकर सुरक्षित महसूस करते हुए मतदान कर सकें यही लोकतंत्र की सफलता की सच्ची कसौटी है। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में मतदाताओं को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए सभी सरकारी कार्यालयों में मतदाता जागरूकता फोरम स्थापित करने के निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि शहरी मतदाताओं में मतदान के प्रति रूझान बढ़ाने के लिए मतदाता साक्षरता क्लबों को और अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस वर्ष के राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'सभी मतदाता बनें सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक' रखी गई। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा किये गये नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 10,61,303 नये

मतदाता पंजीकृत किये गये हैं जिनमें से करीब 70 प्रतिशत मतदाताओं ने ऑनलाइन प्रक्रिया से पंजीकरण के लिए आवेदन किया। कोविड–19 महामारी को देखते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष पूरे राज्य में मतदाताओं की संख्या में करीब 1.44 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विशेष योग्यजन मतदाताओं तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए पोस्ट बैलेट का विकल्प भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उपलब्ध करवाया जाने लगा है। उन्होंने बताया कि आज से ई–इपिक कार्ड का शुभारम्भ भी किया गया है। प्रथम चरण में 31 जनवरी, 2021 तक 2,64,000 ऐसे नव पंजीकृत मतदाता ई–इपिक कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे जिनके यूनिक मोबाईल नंबर मतदाता सूची डेटा बेस में उपलब्ध हैं। ऐसे 44 लाख मतदाता जिनके यूनिक मोबाईल नंबर मतदाता सूची डेटा बेस में उपलब्ध हैं। उनके लिए 01 फरवरी से ई–इपिक कार्ड डाउनलोड की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। शेष मतदाता भी यूनिक मोबाईल नंबर दर्ज करवाने के उपरान्त ई–इपिक डाउनलोड कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव में मतदाताओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से हेलो वोटर्स वेब रेडियो का शुभारम्भ भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया गया है।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र, राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री प्रेम सिंह मेहरा एवं मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य के ई–इपिक कार्ड जारी कर प्रदेश में ई–इपिक का शुभारम्भ किया गया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2021 के पोस्टर 'हम हैं–सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक' का विमोचन किया एवं मतदाता शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल श्री मिश्र ने संविधान की उद्देश्यिका तथा मूल कर्त्तव्यों का वाचन भी करवाया।

कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग के ब्रांड एंबेसेडर पैरा ओलंपिक विजेता श्री देवेन्द्र झांझडिया ने हेलो वोटर्स वेब रेडियो के लिए शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस राज्यस्तरीय समारोह के दौरान राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्दराम जायसवाल सहित सचिवालय एवं जिलास्तरीय मुख्यालयों से अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इन अधिकारी–कर्मचारियों को मिला सम्मान

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में राज्य के विभिन्न जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को और राज्यपाल की ओर से राज्यस्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अंतर्गत श्री विश्राम मीणा, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), बाड़मेर, डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), नागौर, श्री नमित मेहता, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), बीकानेर, श्री भगवती प्रसाद कलाल, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), सिरोही, श्री सुरेश कुमार ओला, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), डूंगरपुर, श्री कैलाश चन्द्र शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम), अजमेर, श्री नरेश बुनकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम), बांसवाड़ा, श्रीमती बीना महावर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम), भरतपुर को सम्मानित किया गया। इसके साथ–साथ श्री घनश्याम शर्मा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), बदनौर (भीलवाड़ा) तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), सांगानेर (जयपुर) एवं श्री राकेश कुमार–2, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), खण्डेला (सीकर) को भी जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

श्री मुनिदेव यादव, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), मनोहरथाना (झालावाड़) तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), भुसावर (भरतपुर), श्री दीपक मित्तल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण

अधिकारी (एसडीएम), लाडपुरा (कोटा), श्री मुकेश कुमार चौधरी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), हिण्डोली (बून्दी), श्री मनोज खेमाड़ा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), शेरगढ़ (जोधपुर), श्री राधेश्याम मीणा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), बाड़ी (धौलपुर) को जिला स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। पर्यवेक्षक एवं बूथ लेवल अधिकारियों में श्री कमेरदान चारण, पर्यवेक्षक, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 175–राजसमन्द, श्री सोहन लाल टेलर, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–आहोर, जालोर, श्री जगनंदन सिंह, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–पीलीबंगा, हनुमानगढ़, श्री भैरू लाल, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–बाली, पाली, श्री आरिफ मोहम्मद, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–भीलवाड़ा, भीलवाड़ा, श्री कुलदीप शर्मा, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–सुजानगढ़, चुरू, श्री साहबराम, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–सादुलशहर, गंगानगर, श्री किशोर गुर्जर, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–टोडाभीम, करौली, श्री बाबूलाल खैर, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–धरियावाद, प्रतापगढ़, श्री शंकर लाल मेघवाल, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र–सलूम्बर, उदयपुर, श्री सतेन्द्र सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अलवर, श्रीमती पूनम पाटनी, अतिरिक्त जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, बारां, श्री बुद्धि प्रकाश शर्मा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, निर्वाचन शाखा, टोंक, श्री महेश आचार्य, परियोजना अधिकारी, स्वीप समन्वयक, दौसा को सम्मानित किया गया।

——

राज्यपाल से मतदाता दिवस पर सम्मानित अधिकारियों ने की मुलाकात

जयपुर, 25 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री प्रेम सिंह मेहरा, मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य, मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री कृष्ण कुणाल, जयपुर जिला कलक्टर श्री अन्तर सिंह नेहरा ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल श्री मिश्र से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित अधिकारियों ने भी भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र को मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उनका एवं राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र का मतदाता पहचान पत्र सौंपा तथा ई–इपिक डाउनलोड भी करवाया।

——